भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2619
दिनांक 09 जुलाई, 2019 को उत्तर देने के लिए

ओडिशा में खाद्य प्रसंस्करण इकाई

2619. श्री रमेश चन्द्र माझी:

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आज की तिथि के अनुसार, ओडिशा में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की संख्या क्या है;

(ख) क्या सरकार का ओडिशा के नवरंगपुर और मलकानगिरी जिलों में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना करने का कोई प्रस्ताव है; और

(ग) यदि हां, तो इन इकाइयों की स्थापना कब तक किए जाने की संभावना है?

<u>उत्तर</u>

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क): उद्योगों के वार्षिक सर्वेक्षण 2016-17 के अनुसार, ओडिशा राज्य में 1127 पंजीकृत खाद्य प्रसंस्करण यूनिटें हैं । इसके अलावा, एनएसएसओ 2015-16 के 73वें चक्र के सर्वेक्षण के अनुसार, खाद्य एवं पेय पदार्थों का निर्माण करने वाले 77,781 अनिगमित उद्यम ओडिशा राज्य में पंजीकृत हैं ।

(ख) और (ग): खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय खाद्य प्रसंस्करण यूनिटों की स्थापना को प्रोत्साहन देता है और अपने स्तर पर खाद्य प्रसंस्करण यूनिटों की स्थापना नहीं करता है । परियोजनाओं का चयन पात्र उद्यमियों/निवेशकों के माध्यम से देश में खाद्य प्रसंस्करण यूनिटों की स्थापना करने के लिए समय-समय पर मंत्रालय द्वारा आमंत्रित की गई अभिरुचि की अभिव्यक्ति के प्रत्युत्तर में प्राप्त प्रस्तावों के माध्यम से किया जाता है ।

*****